`

Title: Situation arising out of large-scale transfers of sport coaches in Punjab and other parts of the country.

श्री अविनाश राय खन्ना (होशियारपुर) : मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान इस तरफ दिलाना चाहता हूं कि पंजाब ने बहुत से खिलाड़ी पैदा किए हैं, जिन्होंने देश और विदेश में, एशियन और कॉमनवैल्थ, आदि गेम्स में मैडल जीते हैं। खिलाड़ियों की परफार्मेंस में कोचेज़ का बहुत बड़ा योगदान होता है, लेकिन मुझे अफसोस के साथ कहना पड़ रहा है कि पंजाब के दर्जनों कोचेज़ का तबादला पंजाब से बाहर कर दिया गया है। इससे खिलाड़ियों और उनके प्रशंसकों में बड़ा रोष है। उनके गुस्से का पता इस घटना से चलता है कि जब मैं गाड़ी से आ रहा था तो उन लोगों ने मुझे रोककर अपना रोष प्रकट किया और कहा था कि अगर ये कोचेज़ पंजाब से चले गए तो पंजाब खिलाड़ियों को पैदा करने से वंचित हो जाएगा। आपके माध्यम से मेरा खेल मंत्री जी से और चूंकि यह मंत्रालय प्रधान मंत्री जी के पास है, इसलिए मेरा उनसे निवेदन है कि जो तबादले किए गए हैं, उनको रोका जाए। यदि किसी कारण से तबादले करने भी हैं, तो पहले वहां कोई कोच भेजिए, ताकि जो खिलाड़ी मैडल लेकर आए हें, वे अपनी परफार्मेंस आगे भी उसी प्रकार से दे सकें। उपाध्यक्ष महोदय, इस मामले में मैं आपका भी सहयोग चाहूंगा क्योंकि आप भी लुधियाना से आते हैं। वहां के दो दर्जन कोचेज़, जैसे टेबिल टेनिस, जूडो, टेनिस इत्यादि को बदल दिया गया है। धन्यवाद।